## एक नजर में

### ट्रेन से वृद्धा की सोने की चेन चोरी

**नवभारत न्यूज ब्यावरा 13 दिसम्बर, का.** बीना-नागदा पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रही ब्यावरा निवासी एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन चोरी होने का मामला सामने आया है. महिला अपनी बहू के साथ ब्यावरा से उज्जैन जा रही थी. जीआरपी के अनुसार ब्यावरा निवासी रामसुखी पत्नी दिनेश उम्र 60 वर्ष गत दिवस गुरुवार को बीना-नागदा पैसेंजर से उज्जैन जा रही थी. जब ट्रेन तराना रेलवे स्टेशन के समीप थी, तभी किसी अज्ञात बदमाश ने वृद्धा के गले से सोने की चेन चोरी कर ली.

### शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच कराई

**जीरापुर 13 दिसम्बर, सं.** सिनर्जी संस्थान एवं सीबीआई ऑन व्हील्स द्वारा समीपवर्ती ग्राम भाटखेड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की. शिविर में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर अपनी बीमारी सम्बन्धित जांच कराई तथा उपचार करवाया गया. इसी के साथ-साथ बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई. जहां पर स्वास्थ्य परामर्श एवं जागरूकता हेतु ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों के कारण बताकर उनके उपचार और रोग निवारक उपायों के बारे में जानकारी दी गई. स्वच्छ पेयजल, हाथ धोने की आदत, पोषण और स्वच्छ वातावरण के महत्व पर विशेष जोर दिया गया. ग्रामीणों को अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने और समय पर उपचार लेने के लिए प्रेरित किया गया. इस मौके पर जिला समन्वयक संतोष सेन, डॉ. राजेश चौधरी, दुर्गेश दांगी, सुगन दांगी, माखन सूर्यवंशी, सुनील दांगी, शीतल मेनिया सहित स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिविर के अंत में टीम द्वारा कहा गया कि सभी ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें.

### महर्षि पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**जीरापुर 13 दिसम्बर,** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी समारोह में मुख्य अतिथि डा. प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता भानपुरा वाले, विशेष अतिथि कन्या शाला प्राचार्य देवेंद्र शर्मा, सांदीपनी स्कुल प्राचार्य कैलाश शर्मा, संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर, डायरेक्टर शिवचरण दांगी, प्राचार्य खारपा राधेश्याम पुरविया, अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, विशिष्ट अतिथि योगेश भावसार, डा. बीएल गुर्जर, अजय टेलर, शरद भावसार शामिल हुए. संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने स्वागत भाषण दिया. अतिथि प्रो. रामबाबू गुप्ता, प्राचार्य कैलाश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, राधेश्याम पुरविया, दिनेश जमींदार ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी इस बात का प्रमाण है कि जिन बच्चों ने इसका प्रदर्शन किया आप इन मांडल में जो दर्शाया गया है उनसे सीखें. संचालन शिक्षक दिलीप राठौर ने किया. विधार्थियों ने कलाकृतियां बनाई उनके प्रयोगों को समझाया जिसमें पानी की बचत केसे करें, विधुत का उत्पादन, भारत के विभिन्न प्रांतों में होने वाली प्रमुख खेती फसल एवं उत्पादन पर कक्षा एक से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित उत्कृष्ट वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए. हृदय का ब्लड सर्कुलेशन, सौरमंडल, उत्सर्जन तंत्र, विश्व का समुद्री मार्ग, ब्रह्मोस्त्र मिसाइल, टर्बाइन, पवन चक्की, ज्वालामुखी, पर्यावरण, जल शुद्धिकरण, पर्यावरण प्रदूषण इसरो, चंद्रयान-3, ग्रीन हाउस और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसे मॉडल तैयार किए. इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर बरदानिया, महेंद्रसिंह सोनगिरा, राधेश्याम तोमर, अंकुश भावसार, कृपाल सोलंकी, रामेश्वर हरदेनिया सहित शिक्षक शिक्षिका, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे.

# सोमवार से पहले मिलेगा टोकन, फिर बंटेगा खाद

## भीड़ के चलते टोकन सिस्टम किया, बेरिकेडिंग कर दो काउंटर से की वितरण की व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर/ब्यावरा 13 दिसम्बर, सं.** जिले के खिलचीपुर में प्रारंभ से ही यूरिया खाद की काफी किल्लत होना सामने आया है. शुक्रवार को खाद के लिए लगी भारी भीड़ एवं अव्यवस्थाओं के बाद शनिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा मोचा संभालते हुए व्यवस्था संभाली. टोकन व्यवस्था के साथ दो वितरण के लिए दो काउंटर एवं बेरिकेडिंग की व्यवस्था कर व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया.

गौरतलब है कि खिलचीपुर में सहकारी विपणन समिति कार्यालय के बाहर शुक्रवार को भारी भीड़ रही. इससे निपटने के लिए शनिवार को प्रशासन ने मोर्चा संभाला. आज भी सुबह से ही खाद लेने वालों की लम्बी कतार लग गई.

### बेरिकेडिंग कर व्यवस्था बनाई

खाद लेने आये किसानों को टोकन व्यवस्था की गई. पुलिस प्रशासन द्वारा खाद लेने वाली भीड़ को नियंत्रित एवं व्यवस्थित करने बेरिकेट्स द्वारा बेरिकेडिंग की गई. किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसको देखते हुए दो जगह काउंटर चलाए गये ताकि वितरण व्यवस्था सुचारु रहे. सुबह होते ही बड़ी संख्या में किसान खाद लेने पहुंचे, व्यवस्था बनाए रखने प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा.



### खिलचीपुर में खाद की सर्वाधिक किल्लत

खिलचीपुर में यूरिया खाद की किल्लत का मामला प्रारंभ से ही रहा है. पूर्व में भी यहां विपणन सहकारी समिति के कार्यालय पर खाद लेने वालों की भारी भीड़ के साथ काफी अव्यवस्थाएं रही. सारे दिन लोगों को लाइन में लगना पड़ा. कई लोगों को तो दिन भर लम्बी लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल सकी. किल्लत के बीच खाद की कालाबाजारी का भी सामना करना पड़ा. निर्धारित भाव से कहीं अधिक दाम पर लोगों को यूरिया खाद लेना पड़ा. कृषि विभाग की टीम द्वारा टोकन सिस्टम लागू किया गया. क्रमवार टोकन सौंपे गए. भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए बेरिकेडिंग कराई गई. खिड़की के पास पुरुषों की लाइन और चैनल गेट की ओर महिलाओं की अलग लाइन बनाई गई.

### शुक्रवार को रही थी अव्यवस्था

विदित है कि शुक्रवार को खिलचीपुर में खाद लेने वालों की भारी संख्या रही थी. दूर तक लम्बी लाइन लगी. इस दौरान काफी अव्यवस्था भी देखी गई. खाद के लिए काफी जद्दोजेहद करना पड़ी. कई लोगों को बिना खाद लिए ही वापस लौटना पड़ा. सुबह से ही आधार कार्ड और जमीन की पट्टी की फोटो कॉपियां जमीन पर रखकर अपनी बारी का नम्बर लगाना शुरु कर दिया. स्थिति बिगड़े न इसको लेकर कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारीद्वय मौके पर पहुंचे. इसके बाद शनिवार को प्रशासन द्वारा खाद वितरण को व्यवस्थित करने चाक चौबंद व्यवस्था की गई.

### तहसीलदार ने संभाला मोर्चा

तहसीलदार विनीत गोयल ने स्वयं माइक लेकर नंबरों का एनाउंस किया. एसडीएम अंकिता जैन वितरण प्रक्रिया पर लगातार नजर रखे हुए थी. भीड़ को देखते हुए खाद वितरण दो काउंटर से शुरू किया. इससे काफी कुछ राहत मिली.

### सुबह 7 बजे से 9 बजे तक मिलेंगे टोकन

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा हेतु खिलचीपुर में 15 दिसम्बर से खाद वितरण हेतु नई व्यवस्था लागू की गई है. खिलचीपुर बायपास गोदाम पर सुबह 7 से 9 बजे तक टोकन वितरित किए जाएंगे. इसके बाद वहीं से किसान किसानों को खाद का वितरण किया जाएगा. उपसंचालक कृषि सचिन जैन ने बताया कि जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है. वर्तमान में जिले में 5 हजार टन यूरिया उपलब्ध है. सोमवार से खिलचीपुर में डबल लॉक विपणन संघ जीरापुर रोड आईटीआई के सामने भी खाद वितरित किया जाएगा. शनिवार को खिलचीपुर में खाद वितरण केंद्र पर एसडीएम श्रीमती अंकिता जैन, थाना प्रभारी श्री मुकाती सहित तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

## किसानों को 4800 बेग यूरिया वितरण



**जीरापुर 13 दिसम्बर, सं.** किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिले इसको लेकर खाद वितरण व्यवस्था में सुधार कर व्यवस्थित रूप से खाद वितरण के लिए टोकन जारी कर किसानों को खाद दिया गया. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा हेतु विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग सोसायटी एवं खाद गोदाम से व्यवस्थित खाद वितरण व्यवस्था कर अड़तालीस सो बेग खाद पांच सो अठारह किसानों को दिए गए. किसानों को टोकन वितरित किए, तत्पश्चात कतार लगाकर किसानों को खाद की बोरीयां दी.

# दूसरा विवाह करने पर 2 वर्ष का कारावास

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 दिसम्बर, का. एक आरोपी पति द्वारा दूसरा विवाह करने पर न्यायालय ने दोषी मानते हुए दो वर्ष की सजा सुनाई है.** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, राजगढ़ में पदस्थ जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा 11 दिसम्बर को प्रकरण आर.सी.टी. क्रमांक 755/2020 थाना राजगढ़ के अपराध क्रमांक 128/2020 में आरोपी रामसहाय (परिवर्तित नाम) निवासी ग्राम सरेडी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 494 के अंतर्गत दोषी पाते हुए 02 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया. अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भी भुगतना होगा. प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी डीपीओ आलोक श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में श्रीमती सोनिया शर्मा, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई. घटनाक्रम के अनुसार आरोपी की फरियादीया पहली पत्नी ने 25 फरवरी 2020 को थाना राजगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2012 में उसका विवाह रामबाबू से रीति-रिवाज से हुआ था और उसकी एक 6 वर्षीय पुत्री है. लगभग दो वर्ष पूर्व आरोपी ने उससे 2 लाख रुपये एवं एक वाहन की मांग की थी, जिसकी रिपोर्ट भी फरियादी ने थाना राजगढ़ में की थी. तब से फरियादी अपनी मायके में रह रही थी. फरियादी को सूचना मिली कि आरोपी रामबाबू ने उसे तलाक दिए बिना ही दूसरी महिला से विवाह कर लिया है. जब उसने जानकारी ली तो ससुराल की वोटर लिस्ट में दूसरी पत्नी का नाम दर्ज होना पाया गया, जिसके आधार पर उसने आरोपी पति द्वारा दूसरा विवाह करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. 04 फरवरी 2020 को न्यायालय राजगढ़ के बाहर आरोपी मिला तो फरियादी ने दूसरी शादी के संबंध में पूछा, जिस पर आरोपी ने अश्लील गालियाँ दीं और कहा कि मैंने दूसरी शादी कर ली है, जो करना है कर लेना. रिपोर्ट पर थाना राजगढ़ में धारा 294, 494 एवं 506 भादंवि के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई. घटनास्थल का नक्शा, वोटर लिस्ट की जब्ती एवं साक्षियों के कथन प्राप्त कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. न्यायालय द्वारा समस्त साक्ष्य एवं तथ्यों पर विचार उपरांत आरोपी को धारा 494 भादंवि में दोषी पाते हुए 02 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया.

### दो दिन बंद रहेगी कृषि मंडी

**नवभारत न्यूज ब्यावरा 13 दिसम्बर, का.** रविवार एवं सोमवार दो दिन स्थानीय कृषि उपज मंडी में अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार आज माह का दूसरा रविवार होने तथा कल सोमवार साप्ताहिक अवकाश होने के चलते मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. अवकाश वाले इन दो दिन कृषक बंधु अपनी उपज विक्रय हेतु मंडी में न लावे.

# पूर्व सरपंचों पर जमानती वारंट जारी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 दिसम्बर, का.** आंगनवाड़ी भवनों के विरूद्ध राशि आहरित कर कार्य नहीं कराने वाले पूर्व ग्राम पंचायत सरपंचों के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89/92 के तहत प्रचलित प्रकरणों में जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत भैंसवामाता की राशि 89625 रुपए एवं ग्राम पंचायत सरेड़ी की राशि 711022 रुपए तथा जनपद पंचायत जीरापुर की ग्राम पंचायत अरन्या की राशि 178600 रुपए जमा नहीं कराने एवं पेशी पर उपस्थित नहीं होने के कारण वसूली आदेश पारित किये गये. साथ ही जनपद पंचायत राजगढ़ की ग्राम पंचायत बगा की राशि 196000 रुपए, ग्राम पंचायत कलीखेड़ा की राशि 140000 रुपए, ग्राम पंचायत कंवरपुरा की राशि 160000 रुपए एवं ग्राम पंचायत पीपलबे की राशि 256040 रुपए तथा जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत धनोरा की राशि 199732 रुपए के प्रचलित प्रकरणों में सूचना-पत्र जारी किये जाने के उपरांत भी पूर्व सरपंच उपस्थित नहीं होने के कारण पूर्व सरपंचों के विरूद्ध जमानती वारंट जारी किये गये.

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज सोयत में

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 13 दिसम्बर, सं.** मेडतवाल समाज मिशन परिचय टीम के तत्वाधान में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समीपवर्ती नगर सोयत कलां में रविवार प्रात: 10 बजे से मेडतवाल समाज व टीम परिचय सम्मेलन के तत्वाधान में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सप्त ऋषि व्यवसायिक परिसर में किया जा रहा है. जिसमें मेंडतवाल समाज द्वारा समाज के डॉक्टरों द्वारा इलाज व परामर्श दिया जाएगा. शिविर में डॉक्टर रितेश गुप्ता इंदौर, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निर्मल गुप्ता कोटा, वरिष्ठ विशेषज्ञ बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी डॉ आरवी गुप्ता कोटा, वरिष्ठ विशेषज्ञ निसंतान स्त्री रोग डॉक्टर नयन गुप्ता इंदौर, कैंसर रोग डॉ अतुल गुप्ता इंदौर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निलेश गुप्ता भवानीमंडी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रीता गुप्ता इंदौर, शुगर एवं थायराइड रोग विशेषज्ञ शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर ब्रजमोहन गुप्ता ब्यावरा, डॉ सुमित सिंधी खिलचीपुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत गुप्ता कोटा, डॉक्टर सौम्या गुप्ता ग्वालियर, डॉक्टर प्रियदर्शनी सर्राफ खिलचीपुर, डॉक्टर सलोनी गुप्ता जीरापुर, जनरल फिजिशियन विशेषज्ञ डॉक्टर आयुष गुप्ता सोयत कलां, डॉ सचिन गुप्ता जीरापुर, डॉक्टर तुषार गुप्ता खिलचीपुर, डॉक्टर सागर गुप्ता राजगढ़, डॉ राधिकेश गुप्ता फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ, डॉक्टर अविनाश गुप्ता सुठालिया ब्यावरा, होम्योपैथिक एवं साइटिका विशेषज्ञ दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ गुप्ता जीरापुर, डॉक्टर निलेश गुप्ता झालावाड़, शिविर में आंखों का ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा. यह जानकारी सप्त ऋषि परिवार व टीम परिचय सम्मेलन डॉक्टर आरवी गुप्ता, महेश घाटिया द्वारा दी गई.

### जिला अस्पताल में होंगी कई जटिल सर्जरी

**राजगढ़ 13 दिसम्बर, का.** जिले के मरीजों के लिए एक अच्छी खबर है कि अब उन्हें कई तरह की सर्जरी के लिए निजी अस्पतालों या बाहर के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा. राजगढ़ जिला अस्पताल में तीन विशेषज्ञ सर्जन अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार की छोटी और बड़ी सर्जरी में विशेष योग्यता है. जानकारी के आभाव में मरीज अक्सर निजी अस्पतालों में चले जाते थे.

**ऊर्जा संरक्षण दिवस पर विशेष** | **सौर ऊर्जा के चलन से बिजली ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम**

# पर्यावरण, प्रगति और उन्नति केवल 'ऊर्जा संरक्षण' से ही संभव..!

गोविन्द बड़ोने

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 13 दिसम्बर, का. मनुष्य का जीवन प्रकृति द्वारा प्रदत्त संसाधनों पर निर्भर है. आधुनिक दौर में बिजली के बिना भी जीवन संभव नहीं है. बिजली सिर्फ उजाले का ही नहीं बल्कि विकास का आधार है. हमारी आत्म निर्भरता बिना विद्युत के कोरी कल्पना है. विद्युत की पूर्ति फिर चाहे वह तकनीकि रूप से प्राप्त ऊर्जा के रूप में हो अथवा प्रकृति से प्राप्त सोलर ऊर्जा हो. हमारी निर्भरता का बड़ा आधार ऊर्जा ही है. प्रात: उठने से सोने तक, रोजगार में नौकरी से व्यवसाय तक में बिजली की भूमिका सर्वोपरि है.**

इस तथ्य की स्वीकार्यता के बाद भी हम बिजली के प्रति बेपरवाह, लापरवाह, गैर जिम्मेदारना व्यवहार यह बताता है कि हम आसानी से प्राप्त साधन का सदुपयोग नहीं दुरूपयोग करने पर उतारू है.

हम ऊर्जा के प्रति सजग नहीं है. उसका दोहन करना जानते है.



उसके संरक्षण के प्रति हमारी मानसिकता ऐसी है जैसे हमें यह सुविधा जीवन पर्यंत मिलती रहेगी चाहे हम इसका जैसा चाहे उपयोग करें. अगर हमें उन्नति चाहिये, देश को प्रगति पर लेजाना है तो इसका आधार ऊर्जा संरक्षण ही है. हमें ऊर्जा संरक्षण के व्यवहारिक मापदण्डों का पालन करते हुए अपनी जीवन शैली को बदलना होगा. विद्युत की चोरी करना, उसका बेतरतीब तरीके से दोहन करना तो बड़ा अपराध है ही किंतु ईमानदारी से बिजली कनेक्शन लेने के बावजूद विद्युत का अपव्यय करना भी अपराध की श्रेणी से अलग नहीं माना जा सकता है.

बिजली की मांग का सतत् बढ़ना और आपूर्ति की कमीं का संकट बना रहना यह वर्तमान ही नहीं भविष्य में भी जारी रहेगा. इस संकट का मुकाबला अधिकाधिक विद्युत उत्पादन और इसके समानांतर विद्युत बचत से किया जा सकता है. हमे विद्युत, पानी का अपव्यय नहीं करने के प्रति खुद को और समकालीन पीढ़ि को जागरूक करना होगा. विद्युत संरक्षण के साथ सौर ऊर्जा को ऊर्जा का वैकल्पिक स्त्रोत बनाना होगा. यह हमारे जीवन के लिये बहुआयामी रूप से लाभकारी है. इसमें सबसे बड़ा लाभ पर्यावरण का है. पर्यावरण का संतुलन रहेगा तो हमारी कई आवश्यकताओं की पूर्ति होगी. बिजली के लिये हम कोयला, पानी पर निर्भर है. प्रकृति के असंतुलन से मानव जीवन के समक्ष कई प्रकार के संकट खड़े हुए है. कोयला और पानी के विकल्प के रूप में हमें सौलर ऊर्जा को विकल्प के रूप में तेजी से अपनाना होगा. सौलर के प्रति सरकार और समाज की जागरूकता बड़ी है. यही कारण है कि हम सौलर ऊर्जा के उत्पादन में संसार में तीसरे क्रम पर है.

सूर्य देवता के रूप में हम पर यह प्रकृति की अनुकंपा है कि हम सौलर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत में आत्मनिर्भर हो रहे है. यह पर्यावरण हितेषी भी है और फायदेमंद भी माना जाता है. सरकार और समाज की सक्रियता, जागरूकता बढ़ने से इस क्षेत्र में लोगो की रूचि भी बढ़ने लगी है. बहरहाल विद्युत उत्पादन के हम जो चाहे तरीके अपना ले लेकिन ऊर्जा सरंक्षण किये बिना हम अपना और देश का विकास नहीं कर सकते है. हमें आज 'ऊर्जा संरक्षण दिवस' पर ऊर्जा के अपव्यव को रोकने के लिये शपथ और संकल्प लेने की जरूरत है. इसी से हमारी आने वाली पीढ़ि का बेहतर भविष्य का निर्माण हम कर सकते है.





श्री प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी नवभारत चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद मेधावी बच्चों को

फ्री कम्प्यूटर प्रशिक्षण

आवेदन करें

मो. 7772991010 इस WhatsApp No.

या नवभारत प्रेस में जमा करें समय 10 से 5 के बीच में

पता- 3 इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग जोन 1 एम.पी. नगर भोपाल

नव भारत

*यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो*

**आवश्यकता है**

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के भोपाल संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**रिपोर्टर (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**उपसंपादक (पद-2)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का डेस्क कार्य अनुभव भाषा, व्याकरण एवं अनुवाद का ज्ञान खबरों के संपादन में दक्षता पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

**मार्केटिंग एक्जक्युटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, मार्केटिंग क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**सरक्यूलेशन एक्जीक्युटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार के प्रसार विभाग में कार्य अनुभव की प्राथमिकता, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**डीटीपी कम्प्यूटर ऑपरेटर (पद-2)**
योग्यता - कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव की प्राथमिकता

: संपर्क करें :

स्थान : नव भारत प्रेस परिसर 3, इंदिरा प्रेस काम्प्लेक्स रामगोपाल महेश्वरी मार्ग, एम. पी. नगर, जोन-1, भोपाल

8839490247 Email: hr.navabharat1934@gmail.com